मन में श्याम बसा है

मन में श्याम बसा है मन में श्याम बसेगा,
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा......

खाटू की पावन गलियों में गूँज रहा जयकारा,
हारे का भक्तों हैं बाबा श्याम ही एक सहारा,
हाँ श्याम ही एक सहारा,,
हम सब मिलके गायें श्याम धणी की किरपा,
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा.....

श्याम धणी की जय जय बोलो हर एक कष्ट मिटेगा,
तुम भी जय बाबा की बोलो मन को चैन मिलेगा,
हाँ मन को चैन मिलेगा,,
तेरी महिमा न्यारी पूजे है नर नारी,
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा......

श्याम नाम की मस्ती में है एक ऐसा जादू,
तेरे बारे में ही सोचू होता मन बेकाबू,
हाँ होता मन बेकाबू,,
देव दिनेश के ऊपर तू ही किरपा करता,
मैं हूँ श्याम दीवाना जय श्री श्याम कहूंगा.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32927/title/man-me-shyam-basa-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |